# समाचार
## एक मई–श्रम दिवस
## महापौर ने किया श्रमिकों का सम्मान



कोरबा 01 मई 2016 – 01 मई श्रम दिवस के अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने वार्ड क्र. 20 कांशीनगर गांधी चौक में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों को सम्मानित किया, इस मौके पर उन्हें मिष्ठान एवं उपहार वितरित किये। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने श्रमिकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 20 के अंतर्गत आने वाले कांशीनगर गांधी चौक में श्रमिक दिवस के अवसर पर एक मई को संध्या 6 बजे श्रमिक दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी उपस्थिति प्रदान की, इस मौके पर उन्होने श्रमिकों सम्मानित किया तथा मिष्ठान व उपहार प्रदान किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि विश्व एवं राष्ट्र की उन्नति तथा विकास के क्षेत्र में श्रमिकबंधुओं की भूमिका सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं, उनकी दृढ इच्छाशक्ति, मजबूत इरादे एवं शारीरिक श्रम की बदौलत ही विकास को सही गति मिलती है, उन्होने कहा कि महिला श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा आज महिलाएं पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर विकास एवं निर्माण के साथ हर क्षेत्र में अपनी सशक्त भूमिका का निर्वहन कर रही हैं। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित श्रमिकबंधुओं एवं महिलाओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में पार्षद डॉ.मनहरण राठौर, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेसना, प्रदेश मंत्री कुसुम द्विवेदी, शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, शांता मण्डावी, पूर्वी बनर्जी, नुसरत खान, विमला विश्वास, मालती गभेल, सावन यादव, लक्ष्मीनबाई, आशा यादव, मेम बाई, सुनीता बाई, मीना सिंह ठाकुर, लता बाई, फूलबाई, मंजू उरांव, कौशिल्या राजवाड़े आदि के साथ काफी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष उपस्थित थे।